रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
RURAL ELECTRIFICATION CORPORATION LTD
भारत सरकार का उद्यम /A Government of India Enterprise
Regd. Office Core-4 SCOPE Conplex 7 Lodi Road New Delhi 110003
Tele 24365161 & 41020101 Fax 24360644 Gram RECTRIC
E-mail reccorp@recl.nic.in Website www.recindia.com www.recindia.nic.in

वार्षिक आम बैठक एवं
खाता बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 42वीं वार्षिक आम बैठक **शनिवार, 17 सितंबर, 2011 को पूर्वाह्न 11.00 बजे, एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रोतो पार्क, धौला कुंआ, नई दिल्ली -110010**, में आयोजित की जाएगी, जिसमें वार्षिक रिपोर्ट के साथ साथ नोटिस दिनांक 4 अगस्त, 2011, में दिए गए विवरण अनुसार कार्यवाही चलाई जाएगी। 31मार्च, 2011 के अनुसार तुलन-पत्र, उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ एवं हानि खाते (अनुसूचियों सहित), लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट और निदेशकों की रिपोर्ट व्यक्तिगत रूप से सदस्यों को डाक द्वारा भेजे जा रहे हैं। जिन सदस्यों ने उपर्युक्त दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में भिजवाने का विकल्प दिया है, उन्हें ये दस्तावेज उनके पंजीकृत ईमेल पते पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजा जाएगा।

एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 154 तथा सूचीकरण करार के खंड 16 के अनुसरण में, वित्त वर्ष 2010-11 के अंतिम लाभांश की पात्रता निर्धारित करने हेतु कंपनी की शेयर अंतरण बहियां **शनिवार, 3 सितंबर, 2011 से शनिवार, 17 सितंबर, 2011 तक (दोनों दिन शामिल)** बंद रखी जाएंगी।

दस रूपए के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर रू.4.00 का अंतिम लाभांश वार्षिक आम बैठक में उपर्युक्त अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर उन सदस्यों को दिया जाएगा जिनका नाम खाताबंदी की तारीख शनिवार, 17 सितंबर, 2011 और/अथवा कारोबारी घंटे बंद होने की तारीख शुक्रवार, 2 सितंबर, 2011 को डिपोजिटरी द्वारा अनुरक्षित बेनेफिशियल ओनर्स रजिस्टर में दर्ज होंगे। आगे, सूचीकरण करार के खंड 20(क) की शर्तों के अनुसार अंतिम लाभांश का भुगतान 28 सितंबर, 2011 को किया जाएगा।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 42वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वर्ष 2010-11 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.recindia.nic.in पर उपलब्ध है। यह कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सभी कार्यदिवसों में कार्य के घंटों के दौरान भी निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

अभिनव पहल (गो ग्रीन इनोशिएटिव्स)

कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक मोड के जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल पते दर्ज नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे डिपाजिटरी पार्टिसेपेंट के माध्यम से और फिजिकल फार्म के शेयरधारक, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट मैसर्ज कार्वी कंप्यूटर शेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अपना ई-मेल पता दर्ज कराएं ताकि भविष्य में उन्हें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दस्तावेज प्रेषित किए जा सकें।

लाभांश जिसका दावा नहीं किया गया

जिन सदस्यों ने गत वर्षों के अपने लाभांश वारंटों और/अथवा वर्ष 2010-11 के अंतरिम लाभांश वारंटों को नहीं भुनाया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे कंपनी के पंजीयक एवं अंतरण एजेंट (आरएंडटीए) मैसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, से संपर्क करें और भुगतान प्राप्त कर लें।

कृते एवं की ओर से
रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि.

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक: 4 अगस्त, 2011

(राकेश कुमार अरोड़ा)
महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)एवं कंपनी सचिव